# हे राजनंदनी आनंदकंदनी श्री राधा विनय वंदना लिरिक्स

हे राजनंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी,
हे राधा प्यारी हे श्यामा प्यारी,
करुनिधिदासी मेहलनवासी,
चरणनपासी शरण तिहारी,
हे राज नंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी।bd।

---

मोहे ना बिसारो मैं हूँ तिहारो,
देके सहारो नेक तो तिहारो,
निज जान जानी के सहज स्वीकारो,
बेगि उबारो विनती म्हारी,
हे राज नंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी।bd।

---

दया करि राखो कृपा कर ताको,
प्रीति प्रतीति तुम संग नातो,
श्याम चकोरी कहूं कर जोरि,
खेंचो निज ओरी करो ना न्यारी,
हे राज नंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी।bd।

---

पाप लखो ना आप तजो ना,
नयन निरख अब हाथ तो गहो ना,
सेवा सुख दो ना स्वामिनी हो ना,
कुछ तो कहो ना दासी क्यों बिसारी,
हे राज नंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी।bd।

---

सेवा सुख दायिनी हे मम स्वामिनी,
प्रेम प्रदायिनी नैन अभिरामिनी,
‘पागल’ की जीवनी ‘गोपाली’ संजीवनी,
रस की रसायिनी राज दुलारी,

**Bhajan Diary Lyrics,**
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हे राज नंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी।bd।

हे राजनंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी,
हे राधा प्यारी हे श्यामा प्यारी,
करुनिधिदासी मेहलनवासी,
चरणनपासी शरण तिहारी,
हे राज नंदनी आनंदकंदनी,
कीरतनंदनी भानुदुलारी।bd।

**Singer – Raju Maharaj 'Pagal'**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com